कार्यालय : अध्यक्ष, फोटोकॉपी निविदा समिति,
वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बारां (राज.)

क्रमांक :– 33 दिनांक :– 23/12/2025

: : नि वि दा : :

बारां मुख्यालय पर अवस्थित समस्त न्यायालयों की **केन्द्रीकृत प्रतिलिपि शाखा में ऑटोमेटिक फोटोकॉपी मशीन से फुल स्केप साईज कागज पर प्रतिलिपियां तैयार करने हेतु कलेण्डर वर्ष 2026 हेतु (दिनांक 01.02.2026 से 31.12.2026 तक के लिए) निविदायें** निम्नलिखित शर्तों के अनुसार आमन्त्रित की जाती है :–

1. केवल ऑटोमेटिक फोटोकॉपी मशीन के स्वामी ही निविदाऐं **सील्ड लिफाफे में दिनांक 17.01.2026 को दोपहर 02 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अथवा डाक द्वारा प्रेषित कर सकते हैं। निविदाऐं दिनांक 17.01.2026 को ही सायं 04 बजे समिति के समक्ष में खोली जावेंगी।**
2. न्यूनतम दरें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय फोटो प्रतियों के लिए पृथक–पृथक प्रस्तुत करेंगे।
3. जो भी दरें फोटो प्रतियां तैयार करने हेतु दी जावे वे निकटतम .10 के फ्रेक्शन (दशमलव के फ्रेक्शन में) को राउण्ड ऑफ करते हुये दी जावे।
4. न्यायालय से फोटो कॉपियर संस्थान की दूरी अंकित की जावे।
5. (i) विद्युत सप्लाई भंग होने पर जनरेटर द्वारा फोटो कॉपी तैयार करने व अन्य कार्य से पूर्व न्यायालय के कार्य को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
   (ii) प्रतिलिपि साफ एवं स्पष्ट हो इस बाबत् फोटोप्रति का नमूना निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
6. किसी भी व्यक्ति को प्रकरणों में अभिलेख के सम्बन्ध में किसी प्रकार की सूचना न देने और पूर्ण गोपनीयता बरतने के सम्बन्ध में एक वचन–पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
7. निविदा सम्बन्धित कार्य के संबंध में जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय बारां का निर्णय ही अंतिम होगा और वह सभी को मान्य होगा।

—sd/—
अध्यक्ष
फोटो कॉपी निविदा समिति
(वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट)
बारां (राज.)

क्रमांक :– 1838 दिनांक :– 23-12-2025

प्रतिलिपि वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नांकित को प्रेषित है:–

1. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बारां
2. प्रभारी अधिकारी (लेखा शाखा), जिला न्यायालय बारां
3. सिस्टम ऑफिसर, जिला न्यायालय बारां को न्यायक्षेत्र की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
4. नाजिर जिला न्यायालय बारां को अतिरिक्त 05 प्रतियां संलग्न कर लेख है कि एक प्रति अपने न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें तथा शेष प्रतियां प्रचार–प्रसार हेतु जेरोक्स की दुकानों को वितरण की जाकर पालना रिपोर्ट भिजवायें।

अध्यक्ष
फोटो कॉपी निविदा समिति
(वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट)
बारां (राज.)